स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र,मांडू,रामगढ़ में झंडोतोलन समारोह

आज स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र,मांडू, रामगढ़ में झंडोतोलन प्रातः9:30 केंद्र के कार्यकारी प्रभारी डॉ इंद्रजीत ने किया। राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रध्वज का सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने ध्वजारोहण के समय उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम आजादी के अमृत महोत्सव में 77 वा स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमें कृषि की नई तकनीक व वैज्ञानिक विधि से खेती के बारे में किसानों तक जानकारी को विस्तृत करना आवश्यक है। हमें अपने देश की मिट्टी के बारे में सोचते हुए अपने किसान भाइयों को प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करना है। जिससे हमारे देश को पौष्टिक आहार की उपलब्धता मिले और हमारे देश की मिट्टी स्वस्थ रहें। हम सभी जिस-जिस कार्यालय संस्थान अथवा उद्यमों में कार्यरत है। अगर हम सब अपने-अपने कार्यों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हैं उससे भी हमारा देश प्रगति की ओर सदैव अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर केंद्र के निकटवर्ती संस्थानों कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी गण रुचि पूर्वक भाग लिया साथ ही झंडोतोलन के समय राष्ट्रगान गाकर देश व राष्ट्रध्वज को सम्मान समर्पित किया। इस अवसर पर निकटवर्ती स्कूल एस एस +2 उच्च विद्यालय मांडू के 30 से अधिक छात्रों ने भाग लिया उन छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।